तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

11 खरखौदा विकास रैली तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड



12 पुरखास में बीपीएचयू भवन का शिलान्यास...



**सोनीपत में कोहरे का कहर बड़वासनी के पास आपस में टकराए दस वाहन, कम दृश्यता के कारण जनजीवन प्रभावित, प्रदूषण का स्तर बढ़ा**

# मौसम बदला: अचानक कोहरा, वाहनों की भिड़ंत, न्यूनतम पारा 6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में लगातार बदलते मौसम के मिजाज ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार की सुबह जिले में एक बार फिर कुदरत का दोहरा रूप देखने को मिला। सुबह के समय अचानक छाए गहरे कोहरे ने न केवल वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया बल्कि हादसों का सबब भी बना। कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने का सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ा। गांव बड़वासनी के पास कोहरे की वजह से बड़ा हादसा होते-होते बचा। यहां कम दृश्यता के कारण अलग-अलग स्थानों पर करीब दस वाहन आपस में टकरा गए।

गनीमत यह रही कि इस श्रृंखला वार भिड़ंत में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और बड़ा जानी नुकसान टल गया। वाहनों को काफी क्षति पहुंची है। पुलिस और प्रशासन ने इस घटना के बाद वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के समय सावधानी बरतें और इंडिकेटर व फॉग लाइट का निरंतर प्रयोग करें। कोहरे और गिरते तापमान के बीच प्रदूषण के स्तर में हो रही बढ़ोतरी ने लोगों की मुश्किलों को और अधिक बढ़ा दिया है।

सुबह के समय छाया कोहरा, बड़वासनी के पास हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन





**विजिबिलिटी 50 मीटर:** शुक्रवार सुबह के घटनाक्रम पर नजर डालें तो सुबह साढ़े छह बजे तक आसमान बिल्कुल साफ था और कहीं भी कोहरे के संकेत नहीं थे। लेकिन इसके बाद मौसम ने अचानक करवट ली और देखते ही देखते चारों ओर सफेद चादर बिछ गई। सुबह सात बजते-बजते कोहरा इतना गहरा हो गया कि दृश्यता घटकर महज 20 मीटर तक रह गई। हाईवे और मुख्य मार्गों पर वाहन चालकों को दिन में भी लाइटें जलाकर रेंगने पर मजबूर होना पड़ा। सुबह आठ बजे तक भी स्थिति में बहुत सुधार नहीं हुआ और विजिबिलिटी 50 मीटर के आसपास बनी रही। कोहरे का असर शहरी क्षेत्रों में सुबह नौ बजे तक रहा जबकि ग्रामीण इलाकों में धूप निकलने और कोहरा छटने में सुबह के 10 बज गए।

**तापमान के आंकड़े**

### सरगथल में 6.2 तो जगदीशपुर में 6.6 न्यूनतम तापमान

तापमान के आंकड़ों की बात करें तो जिले के अलग-अलग केंद्रों पर कड़ाके की ठंड दर्ज की गई। सरगथल केंद्र में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अधिकतम तापमान 21डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जिससे सुबह और शाम की ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं जगदीशपुर केंद्र में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन के समय लगभग 5 किलोमीटर प्रतिघंटा की धीमी गति से सर्द हवाएं चलती रहीं जिससे धूप निकलने के बावजूद लोगों को ठंड से पूरी राहत नहीं मिली।

### 294 पर पहुंच गया एक्यूआई

मौसम में आए इस बदलाव के साथ ही जिले की वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) में भी गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सोनीपत का एक्यूआई खराब श्रेणी में 294 तक पहुंच गया। पिछले कुछ दिनों से एक्यूआई में लगातार बढ़ोतरी हो रही है जो स्वास्थ्य के लिहाज से चिंताजनक है। हवा की धीमी गति और बढ़ती नमी के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण की निचली सतह पर जमा हो रहे हैं जिससे सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हवा की गति तेज नहीं हुई तो आने वाले दिनों में प्रदूषण का स्तर और अधिक बढ़ सकता है।

### ऑरेंज अलर्ट

न्यूनत तापमान में गिरावट आगे और भी जारी रहेगी। कोहरे को लेकर अभी भी ऑरेंज अलर्ट है। शीतलहर का प्रकोप भी आने वाले दिनों में देखने को मिल सकता है।
*-डॉ. प्रेमदीप, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर।*

### रबी के लिए फायदेमंद, स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह कोहरा और गिरता तापमान रबी की फसलों विशेषकर गेहूं के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है लेकिन वाहन चालकों और आम जनता के लिए यह परेशानी का कारण बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने भी बुजुर्गों और बच्चों को सलाह दी है कि सुबह के समय जब कोहरा और प्रदूषण अधिक हो तो घरों से बाहर निकलने में परहेज करें। आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने इसी तरह के उतार-चढ़ाव की संभावना जताई है जिससे साफ है कि अभी ठंड और कोहरे का सितम जारी रहेगा।

**खबर संक्षेप**

### गन्ने की सिफारिशी किस्मों की बिजाई करें

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा तथा चौ. देवी लाल सहकारी चीनी मिल्स आहुलाना की प्रबंध निदेशक अंकिता वर्मा के निर्देशानुसार गांव सिवाना माल में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सहायक गन्ना अधिकारी गोहाना डॉ. रघुवेन्द्र जून ने की। डॉ. रघुवेन्द्र जून ने किसानों को गन्ना तकनीकी प्रयोजन मिशन के तहत 2025-26 में गन्ने की नोटिफाइड व सिफारिशी किस्मों की बिजाई को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी।

### जेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** ड्रग फ्री हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए), सोनीपत द्वारा शुक्रवार को जिला जेल, सोनीपत के पुरुष वार्ड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें नशा-मुक्त और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।
इस अवसर पर सहायक विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता कृष्ण भारद्वाज ने बंदियों को संबोधित करते हुए नशा सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों तथा नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधों के कानूनी परिणामों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. संदीप शर्मा, सिविल अस्पताल, सोनीपत ने भी अपने विचार रखे।

### रक्तदान व निःशुल्क जांच शिविर 28 को

**खरखौदा।** डॉ. राकेश सिंधु, कुलदीप मलिक, अजीत कुमार, दीपक कुमार की पुण्यतिथि पर 28 दिसंबर को जीवनी अस्पताल में रक्तदान तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए डॉ अनिता सिंधु ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः नौ बजे से दोपहर दो बजे तक किया जाएगा। इस दौरान फिम्स बल्ड बैंक की टीम रक्त एकत्रित करेगी। आयोजन से सम्बद्ध प्रदीप मलिक ने बताया कि डॉ.अरमान सिंधु तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी सिंधु रोगियों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

**गांव में दहशत का माहौल : दंपती का लगाव पैतृक गांव से बना हुआ था**

# सलीमसर ट्राली गांव में आंगनबाड़ी वर्कर की निर्मम हत्या कर गहने लूटे

**दिनदहाड़े चक्की पर गेहूं पीसते समय हमलावरों ने उतारा मौत के घाट जेवरात के लिए फाड़ दिए कान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गांव सलीमसर ट्राली में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां आंगनबाड़ी वर्कर की केवल सोने के आभूषण लूटने की खातिर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमलावरों ने इस वारदात को उस समय अंजाम दिया जब महिला पुराने घर में आटा चक्की पर गेहूं की पिसाई कर रही थीं। आरोपितों ने महिला पर धारदार और भारी हथियारों से इतने वार किए कि मौके पर ही उनकी जान निकल गई। वारदात की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोने की बालियां निकालने के लिए हमलावरों ने महिला के कान तक नोच डाले जिससे उनका कान फट गया।

मिली जानकारी के अनुसार गांव सलीमसर ट्राली निवासी रामनिवास ने मोहाना थाना में इस संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। रामनिवास दिल्ली विकास प्राधिकरण से सेवानिवृत्त हैं और वर्तमान में सोनीपत के मयूर विहार में नए घर का निर्माण करवा रहे हैं। इसी के चलते फिलहाल उनका परिवार सोनीपत बाइपास पर एक किराए के मकान में रह रहा है। उनकी 55 वर्षीय पत्नी उषा आंगनबाड़ी में वर्कर के तौर पर कार्यरत थीं। भले ही परिवार शहर में रह रहा था लेकिन दंपती का लगाव अपने पैतृक गांव से बना हुआ था और वे अक्सर गांव स्थित अपने पुराने घर में आते-जाते रहते थे।

**वारदात के बाद घर के पास इकट्ठा हुए लोग**



### पुलिस आज कराएगी शव का पोस्टमार्टम

घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल बना हुआ है। दिनदहाड़े हुई इस हत्या और लूट की वारदात ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शव को शुरुआती जांच के बाद नागरिक अस्पताल सोनीपत ले जाया गया जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार को खानपुर में मेडिकल बोर्ड के माध्यम से शव का पोस्टमार्टम कराया गया और उसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### सिर, चेहरे और हाथों पर धारदार व भारी वस्तु से वार

जांच के दौरान जो तथ्य सामने आए वे बेहद विचलित करने वाले थे। मृतका उषा के सिर, चेहरे और हाथों पर किसी धारदार हथियार और भारी वस्तु से कई वार किए गए थे। उनके दोनों हाथों पर गहरे कट के निशान थे जो इस बात का संकेत दे रहे थे कि उन्होंने मौत से पहले हत्यारों से संघर्ष किया होगा और खुद को बचाने की कोशिश की होगी। सबसे वीभत्स बात यह रही कि हत्या के बाद आरोपियों ने लूटपाट को अंजाम दिया। उषा के गले से सोने की चेन, कानों की बालियां और हाथ की सोने की अंगूठी गायब थी। आरोपियों ने इतनी जल्दी और बर्बरता दिखाई कि बाली निकालने के चक्कर में उषा का कान ही फाड़ दिया। सोने की चेन का लॉकेट संघर्ष के दौरान टूटकर शव के नीचे ही गिर गया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी

पुलिस ने पति रामनिवास के बयान पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या और लूट की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस की अलग-अलग टीमें हमलावरों की तलाश में जुटी हुई हैं और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपितों का सुराग लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
*-मोहन, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर, मोहाना।*

### पत्नी के फोन नहीं उठाने पर पुराने घर के अंदर का मंजर देखकर पति रामनिवास की रूह कांप गई

वीरवार का दिन इस परिवार के लिए काल बनकर आया। रामनिवास अपनी पत्नी उषा के साथ गांव आए हुए थे। दोपहर के समय रामनिवास गांव की चौपाल में अन्य ग्रामीणों के साथ बैठने चले गए जबकि उषा घर के कामकाज निपटाने के बाद पुराने मकान में लगी आटा चक्की पर गेहूं पीसने के लिए चली गईं। शाम होने पर जब रामनिवास वापस लौटे तो उन्हें पत्नी घर पर नहीं मिली। उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल पर कई बार कॉल की लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसी बीच रामनिवास का भतीजा साहिल और उनके छोटे भाई की पत्नी भी वहां पहुंच गए। पत्नी का फोन न उठाने पर चिंता बढ़ी तो रामनिवास साहिल को साथ लेकर चक्की वाले मकान की ओर भागे। जब वे वहां पहुंचे तो मकान का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद मिला। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला तो अंदर का मंजर देखकर उनकी रूह कांप गई। कमरे के फर्श पर चक्की के पास ही उषा का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा था। चारों तरफ खून ही खून बिखरा हुआ था। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए और तुरंत मामले की सूचना मोहाना थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम फॉरेंसिक साइंस लैब के विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने शुरू किए।

**गांव जाखौली की घटना**

## हाथ पैर बांधकर युवक की पिटाई, अधमरा छोड़ भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

**राई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की**

गांव जाखौली में घर के अंदर युवक के हाथ-पैर बांधकर उसकी पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोपितों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। उसके बार आरोपित उन्हें अधमरा छोड़कर भाग गये। राई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जठेड़ी गांव निवासी आशीष ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनकी दोस्ती जाखौली गांव निवासी नहीम के साथ थी। आशीष का आरोप है कि नहीम उन्हें दोस्ती का हवाला देकर अपने साथ जाखौली ले गया। नहीम के साथ अन्य युवक भी था। रात को वह नहीम के घर पर ही सो गए थे। उन्होंने अपना मोबाइल फ्रीज पर रखा था। सुबह उनका मोबाइल नहीं मिला तो उन्होंने नहीम का मोबाइल अपनी जेब में रख लिया। नहीम से कहा कि यदि मेरा फोन देगा तो उसे वह उनका मोबाइल देगा। इस पर नहीम व उसके दोस्त ने उनके साथ झगड़ा किया। उनके हाथ- पैर बांध दिए। आरोपितों ने उनसे कहा कि सोशल मीडिया पर जो गाना पोस्ट किया था वह उसका मजा चखाते हैं। आरोपितों ने उन्हें रात भर कमर से नीचे हिस्से पर पाइपों से पीटा गया। उसकी हालत खराब हो गई थी। आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। आरोपित उन्हें अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। वह किसी तरह से बाहर निकले और परिजनों को घटना के बारे में बताया। उसके बाद उनका जिला अस्पताल में इलाज कराया गया।

**बाइक सवार युवकों ने की झपटमारी**

### दो युवकों के मोबाइल छीने, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से बाइक सवार झपटमार दो युवकों के मोबाइल छीन ले गए। कुंडली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से बिहार के दरभंगा के गांव बिरोहना हॉल दिल्ली के गांव सिंघु निवासी दिवाकर ने कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह 22 दिसंबर को कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में ड्यूटी पर गए थे। जब वह फैक्टरी के बाहर मोबाइल हाथ में लेकर जा रहे थे तो उसी दौरान बाइक पर आए दो झपटमार मोबाइल छीनकर भाग गए। उन्होंने अपने स्तर पर मोबाइल झपटमारों की तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अब उन्होंने कुंडली थाना में शिकायत दी है। वहीं कुंडली निवासी प्रवीन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह 21 दिसंबर को देर शाम वह चोपड़ा पेट्रोल पंप से कुंडली गांव की तरफ जा रहे थे। वह अपने दोस्त सुनील से मोबाइल पर बात करते हुए चल रहे थे। उसी दौरान दो युवक बाइक पर आए और पीछे से झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन ले गए। उन्होंने शोर भी मचाया और झपटमारों का पीछा किया, लेकिन वह भाग निकले। शिकायतों पर कुंडली थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर झपटमारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## यातायात पुलिस व नपा ने संयुक्त अभियान चला हटाया अतिक्रमण, सामान जब्त, कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी



**गन्नौर।** दुकानदारों से जब्त किया गया सामान नगरपालिका ले जाते नपाकर्मी।

गन्नौर । शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को यातायात पुलिस ने नगरपालिका के सहयोग से रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान और सड़क पर गलत तरीके से खड़ी रेहड़ियों को हटवाकर जब्त किया गया। यातायात पुलिस चौकी प्रभारी सोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग, तख्त, रेहड़ियां व अन्य सामग्री को नपा कर्मियों द्वारा उठाकर नगरपालिका परिसर में जमा कराया गया। इसके साथ ही सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों के चालान भी काटे गए। चौकी प्रभारी सोहन सिंह ने दुकानदारों, रेहड़ी चालकों और वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम नहीं लगने दिया जाएगा।

## खेलोगे तो खिलोगे हाफ मैराथन 29 मार्च को, 15 लाख पुरस्कार

**सोनीपत।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत सोनीपत में 29 मार्च 2026 को नशा मुक्त युवा – खेलोगे तो खिलोगे हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इंडियन रन 2026 के नाम से आयोजित होने वाली इस मैराथन को लेकर शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एक पत्रकारवार्ता आयोजित की गई, जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि यह हाफ मैराथन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नशा न करने का राष्ट्रीय संकल्प और युवाओं को स्वस्थ, सशक्त तथा अनुशासित जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास है।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता के दौरान डॉ. संदीप दांगी, डीएसपी अमित धनखड़ एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### नशे से दूर रखने का लेंगे संकल्प

खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट के फाउंडर व प्रेसिडेंट डॉ. संदीप दांगी ने बताया कि अब से आयोजन तिथि तक सोनीपत के गांवों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, स्पोर्ट्स एकेडमियों और कोचिंग सेंटर्स में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को खेल, फिटनेस और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित किया जाएगा। ट्रस्ट की ओर से सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, खिलाड़ियों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों को भी इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया जा रहा है, ताकि नशे की समस्या को जड़ से समाप्त करने की दिशा में ठोस पहल हो सके। इस मौके पर पहलवान, एशियाई एवं राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक विजेता तथा डीएसपी अमित धनखड़, रविन्द्र मलिक, पूजा खत्री एवं अमित राठी उपस्थित रहे। उन्होंने नशे से दूर रहने, खेल और फिटनेस को अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। आयोजन के लिए कुल पंद्रह लाख रुपये की इनाम राशि घोषित की गई है, ताकि अधिक से अधिक युवा इसमें भागीदारी कर सकें।

**रिश्वत के साथ किया था गिरफ्तार**

## एएसआई विजयपाल को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सैदपुर पुलिस चौकी में तैनात एएसआई विजयपाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने के मामले में पुलिस विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया है। बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने एएसआई विजयपाल को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार को मालिक को सौंपने की एवज में एएसआई ने रिश्वत मांगी थी। एसीबी रोहतक ने शिकायत मिलने के बाद पूरी योजना के तहत जाल बिछाया था और आरोपी एएसआई को रिश्वत की रकम लेते हुए मौके पर ही काबू कर लिया गया था। मामले में पहले ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था। अब पुलिस विभाग ने मामले को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए विजयपाल को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। डीसीपी कुशलपाल ने बताया कि आरोपी को बर्खास्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि पंजाब पुलिस रूल्स 311 के तहत कार्रवाई की गई।

**मेयर राजीव जैन ने रेलवे अधिकारियों के साथ की बैठक**

## निगम-रेलवे करेगा संयुक्त दौरा, अदला बदली का तैयार होगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान नगर में रेलवे लाइन के साथ बने मकानों के सामने रास्ता देने के बाद दीवार बनाने के मुद्दे को लेकर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक की और तय किया कि नगर निगम रास्ते के बदले जमीन देने का प्रस्ताव तैयार करे तो प्रस्ताव मंजूरी के लिए रेलवे मुख्यालय भेज दिया जायेगा। गत सप्ताह रेलवे प्रशासन ने दीवार के रास्ते में आ रहे मकानों को तोड़ने के नोटिस जारी किये थे और जे सी बी अगले दिन मोके पर पंहुच गई थी।




**सोनीपत।** रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मेयर राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*

**रेलवे लाइन के साथ बने मकानों को रास्ता देने के बाद दीवार बनाने का मुद्दा**

राजीव जैन ने मौके पर पंहुचकर तोड़फोड़ की कार्यवाही को रुकवाया था और रेलवे अधिकारियों से आग्रह किया था कि निगम की बैठक में उक्त आशय का प्रस्ताव पहले ही पास किया जा चुका है।

बैठक में तय किया गया कि जल्द ही नगर निगम एवं रेलवे प्रशासन की टीम संयुक्त रूप से दौरा करके रास्ते की जमीन एवं बदले में दी जाने वाली जमीन की पैमाइश करके अदला बदली का प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। यह प्रस्ताव उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय भेजा जायेगा और मंजूरी मिलने के बाद ही दीवार का काम शुरू किया जाएगा। राजीव जैन ने बताया कि रेलवे दीवार करता है तो एक दर्जन मकान में रह रहे नागरिकों के बाहर निकलने का दरवाजा बंद जो जायेगा। बैठक में रेलवे के कार्यकारी अभियंता भरत सिंह राठी, कनिष्ट अभियंता मोहित, पार्षद प्रतिनिधि संजीव वलेचा सहित सुनील, बबलू, सुरेंद्र जोशी, पुनीत, सुभाष आदि कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।

लाइफ Style



# जान्हवी
## मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा

एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

## हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।




# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

## टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिंग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।



# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो'गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध

# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।



### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 89 लोगों ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** नितिन कादयान की याद में 5 वां ब्लड डोनेशन कैंप सैनी चौपाल खरखौदा में लगाया गया। नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट एम्स बाडसा झज्जर की टीम द्वारा कैम्प में रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें 89 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर साहिल, सिद्धार्थ, हितेश, नितिन, राहुल,योगेश ,गौरव, बिजेंद्र जांगड़ा, नीरज रोहट आदि उपस्थित रहे।

### वाई-ब्रेक से अधिकारी और कर्मचारी हो रहे लाभान्वित

**गोहाना।** एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को उपमंडलीय परिसर गोहाना में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए वाई—ब्रेक का आयोजन निरंतर रूप से किया जा रहा है। एसडीएम ने कहा कि वाई-ब्रेक से अधिकारी और कर्मचारी लाभान्वित हो रहे हैं। इससे कर्मचारियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। शुक्रवार को योग सहायक रामनिवास द्वारा लघु सचिवालय गोहाना के अधिकारियों व कर्मचारियों को योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया।

### वाजपेई जी सुशासन के आदर्श प्रतीक रहे

**गन्नौर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई सुशासन, जनकल्याण के आदर्श प्रतीक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी की स्मृति में 25 से 31 दिसंबर तक प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा में सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को गन्नौर में वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक द्वारा आयोजित सुशासन सम्मेलन में प्रदेशाध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अटल बिहारी का संपूर्ण राजनीतिक जीवन राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित रहा। अटल जी का मानना था कि शासन का उद्देश्य गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाना होना चाहिए।

### सुविधाओं का अभाव होने से कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** नगर निगम के अंतर्गत आने वाली रेड रोज कॉलोनी के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कॉलोनी वासियों ने समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर को एक मांग पत्र सौंपा है। इस पत्र के माध्यम से निवासियों ने कॉलोनी में पीने के पानी की व्यवस्था करने और सीवर लाइन डलवाने की गुहार लगाई है। कॉलोनी वासियों का कहना है कि यह इलाका पहले देवीलाल कॉलोनी के नाम से जाना जाता था और साल 2003 से यहां लोग बसे हुए हैं।

सेक्टर-23 निवासियों ने पूरे विवाद के लिए नई और पुरानी आरडब्ल्यूए को ठहराया जिम्मेदार

# महाराज सूरजमल स्मारक विवाद को लेकर कल सीएम से मिलेंगे प्रतिनिधि

- नई दिशा में जाता दिख रहा है महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल को लेकर खड़ा हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-23 स्थित वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल को लेकर खड़ा हुआ विवाद नई दिशा में जाता दिख रहा है। स्मारक स्थल के उद्घाटन और प्रतिमा अनावरण से ठीक पहले हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद समाज के लोगों में नाराजगी उभरकर सामने आई थी, वहीं सेक्टर-23 के निवासियों ने इस पूरे विवाद के लिए नई और पुरानी आरडब्ल्यूए को जिम्मेदार ठहराया।

इस बीच भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने समाज के प्रतिनिधियों के साथ सामुदायिक केंद्र में बैठक कर स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और आगे की कार्ययोजना तय की। बैठक में बताया गया कि समाज के प्रतिनिधियों को 28 दिसम्बर को खरखौदा में आयोजित होने वाली रैली के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलवाया जाएगा, जहां विवाद को निपटाने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रस्ताव पर समाज के प्रतिनिधियों ने सहमति जताई और कहा कि वे चाहते हैं कि स्मारक स्थल से जुड़ा कार्यक्रम सम्मानजनक और औपचारिक तरीके से सम्पन्न हो। बैठक में भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, वरिष्ठ नेता आनंद हुड्डा, आरडब्ल्यूए के वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी, डा. धर्मवीर योगी मलिक, राजवीर मलिक सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने माना कि विवाद ने अनावश्यक स्थिति पैदा कर दी है और इसे सकारात्मक संवाद के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए।

बैठक में लोगों की मांग रही कि स्मारक स्थल को शिफ्ट नहीं किया जाएगा और यह यथास्थान ही रहेगा। इसके लिए सभी आवश्यक अनुमति प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। हालांकि यह संभावना जताई गई कि प्रतिमा की स्थिति में कुछ तकनीकी बदलाव किए जा सकते हैं। समाज के सदस्यों ने बताया कि स्मारक का निर्माण सामुदायिक सहयोग और चंदे से किया गया है तथा प्रतिमा भी समाज के स्तर पर स्थापित कराई गई है, लेकिन एचएसवीपी से औपचारिक अनुमति न होने के कारण प्रतिमा अनावरण रोका गया था।

### ग्रीन बेल्ट क्षेत्र के कारण विवाद : मेयर

इधर नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने कहा कि निगम हाउस की बैठक में पहले ही सेक्टर-23 में महाराजा सूरजमल स्मारक स्थल निर्माण का प्रस्ताव पास किया जा चुका था। उनका कहना था कि केवल प्रतिमा ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में स्थापित होने के कारण विवाद की स्थिति पैदा हुई और इसमें एचएसवीपी की लापरवाही सामने आई। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारी समय रहते संबंधित समिति को अवगत करा देते तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। मेयर ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश सरकार को भेजने की बात कही।




### एचएसवीपी अधिकारियों ने की बैठक

**सोनीपत।** दूसरी ओर, मामले के बढ़ते दबाव को देखते हुए एसडीएम सुभाष चंद्र और एचएसवीपी के संपदा अधिकारी सिद्धार्थ ने पत्रकारवार्ता कर प्रशासनिक पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना से पूर्व एचएसवीपी से अनुमति नहीं ली गई थी, इसलिए कार्रवाई की गई। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिमा को वर्तमान स्थान से आगे शिफ्ट किया जाएगा, हालांकि कई सवालों पर वे स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इसी क्रम में एचएसवीपी अधिकारियों ने स्थल पर पैमाइश कर लगभग 900 वर्गगज क्षेत्र का मुआयना किया। पैमाइश के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की जा रही है कि कितनी भूमि ग्रीन बेल्ट में आती है और कितने हिस्से में अन्य सरकारी भूमि पर निर्माण हुआ है। अब सभी पक्षों के बीच संवाद और अनुमति प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद ही स्मारक स्थल और प्रतिमा अनावरण से जुड़े अंतिम निर्णय की दिशा तय होगी।

### विधायक पवन खरखौदा ने सेहरी में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने उपमंडल के गांव सेहरी में 40 लाख रुपए की लागत से फिरनी को पक्का किए जाने व पुस्तकालय स्थापना का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सोच है यदि गांव विकसित होंगे तो प्रदेश व देश अपने आप में विकसित होगा। इसलिए गांव के विकास पर विशेष तौर से सरकार काम कर रही है ताकि गांव में भी शहरों जैसी सुविधा और व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि गांव में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। गांव में कई गलियां जो टूटी हुई है उनको भी जल्द बनवाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर को खरखौदा की नई अनाज मंडी में हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास रैली को संबोधित करने के लिए पहुंच रहे हैं। रैली को विकास रैली का नाम दिया गया है। स्पष्ट है कि क्षेत्र के विकास को और तीव्र गति प्राप्त होने जा रही है। कहना न होगा कि मुख्यमंत्री कई बड़ी सौगात क्षेत्र वासियों को देकर जाएंगे। इसलिए जितनी ज्यादा भीड़ रैली में होगी उतनी ज्यादा सौगातें क्षेत्र वासियों को मिलेंगी। इस मौके पर सरपंच विजेंद्र चोटीवाला व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।


खरखौदा। विकास कार्यों का शुभारंभ करते विधायक।

### मासिक धर्म के समय संतुलित आहार लें : डॉ. सुखविंद्र

- डीबीएम पब्लिक स्कूल में मासिक धर्म स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

मदीना गांव में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्राओं के लिए मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में इसराना के आरआर अस्पताल से महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुखविन्द्र कौर छात्राओं को विषय संबंधित जानकारी दी। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी विकास मलिक का रहा।

डॉ. सुखविन्द्र ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसे लेकर मन में किसी प्रकार की झिझक या डर नहीं होना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान छात्राएं संतुलित आहार लें, स्वच्छता का ध्यान रखें और साफ-सुथरे सेनेटरी पैड इस्तेमाल करें।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला विशेषज्ञ से विषय संबंधित सवाल पूछे। विशेषज्ञ ने छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रबंधक सोनिया मलिक, किरण मलिक और विशाल मलिक ने किया। प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक ने डॉ. सुखविन्द्र का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य और आत्मविश्वास के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अति आवश्यक हैं।


गोहाना। छात्राओं को जानकारी देते हुए डॉ. सुखविन्द्र। फोटो : हरिभूमि

### दिन की शुरुआत फोन देखने से नहीं, बल्कि परमात्मा की याद से होनी चाहिए : शिवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ब्रह्मा कुमारी शिवानी विश्व कल्याण सरोवर में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ करते ।

राई। विश्व कल्याण सरोवर, मुरथल (दिल्ली ज़ोन) में संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी शिवानी ने आत्मचिंतन और आत्म परिवर्तन की दिशा में प्रेरित किया। शिवानी दीदी ने कहा कि आज के समय में मनुष्य का ध्यान बाहरी साधनों पर अधिक और अपने भीतर कम हो गया है। उन्होंने कहा कि दिन की शुरुआत मोबाइल देखने से नहीं, बल्कि परमात्मा की याद से होनी चाहिए, क्योंकि सुबह-सुबह मोबाइल देखने की आदत आत्मा की शक्ति को क्षीण करती है। यदि हम जागते ही ईश्वर स्मरण करें तो आत्मबल बढ़ता है और पूरे दिन का संकल्प श्रेष्ठ बनता है।ब्रह्मा कुमारी शिवानी ने कहा कि शाम को घर लौटने पर मोबाइल को एक उचित स्थान पर रख देना चाहिए, न कि रील और अनावश्यक डिजिटल गतिविधियों में समय नष्ट करना चाहिए। भोजन करते समय टीवी या मोबाइल देखने से बचना चाहिए, क्योंकि भोजन केवल शरीर नहीं, मन और आत्मा को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि ध्यानपूर्वक और शांत मन से किया गया भोजन आत्मिक शुद्धता को बढ़ाता है।


राई। संस्कार परिवर्तन से संसार परिवर्तन" विषय पर विश्व कल्याण सरोवर में कार्यक्रम का आयोजन।

### वीर बाल दिवस पर ब्रह्मशक्ति स्कूल में कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**खरखौदा।** वीर बाल दिवस पर ब्रह्मशक्ति स्कूल थाना कलां द्वारा हिंदी प्रकोष्ठ, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सहयोग से कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पूर्णचंद शर्मा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार एवं अभिनेता डॉ. रामफल चहल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संपूर्ण सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कवि सम्मेलन में आमंत्रित कविगणों ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि कृष्ण गोपाल सोलंकी ने जीवन में संघर्ष और आत्मबल का संदेश देते हुए पंक्तियां प्रस्तुत कीं। कवि दिनेश शर्मा 'दिनेश' ने भारत की सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रप्रेम की कविता सुनाई। हास्य कवि विनीत पांडेय, गीतकार चरनजीत चरण ने अपनी रचनाएं सुनाई। विद्यालय के चेयरमैन ओ. पी. रंगा एवं प्राचार्य रामबीर सिंह 'राम' ने सभी अतिथियों, कविगणों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन व राष्ट्रगान के साथ हुआ।


खरखौदा। रामफल चहल को सम्मानित करते प्राचार्य रामबीर सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

**देशभक्ति** | भाजपाइयों ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादों को किया नमन

# बाल वीरों की कुर्बानी अविस्मरणीय : बिजेंद्र मलिक


गोहाना। समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए भाजपा नेता *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को भाजपाइयों ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह और उनके साहिबजादों को नमन किया। भाजपा गोहाना विधानसभा कार्यकारिणी द्वारा यह श्रद्धांजलि समारोह शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित ब्रह्म भवन में आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए गुरु गोविंद सिंह और उनके चारों साहिबजादों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुख्य वक्ता भाजपा जिला गोहाना की प्रभारी डॉ. किरण कलकल थीं।

**ये रहे मौजूद**

डॉ. धर्मवीर नांदल, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, डॉ. रमेश कश्यप, परमवीर सैनी, रीना शर्मा, भूपेन्द्र मुदगिल, संजय दहिया, प्रवीण खुराना, विनोद, डॉ. राममेहर राठी, विपिन गोयल, मुकेश रोहिल्ला, प्रसन्नी मलिक, नरेश देवी, किरण, सोनिया सैन, हवा सिंह वर्मा, शेर सिंह, जयप्रकाश शर्मा सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने गुरु गोविंद सिंह और उसके साहिबजादों को नमन किया।

### वीर बाल दिवस पर ओम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुद्वारे का भ्रमण किया

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल के बाल विद्यार्थियों को शुक्रवार को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में गोहाना के मुगलपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने गुरु गोविंद सिंह और उसके साहिबजादों को उनके अद्वितीय बलिदान के लिए श्रद्धापूर्वक नमन किया। स्कूल को-ऑर्डिनेटर ज्योति मुंजाल के नेतृत्व में स्कूल के बाल विद्यार्थियों ने दल ने मुख्य गुरुद्वारे का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें गुरु गोविंद सिंह और उसके चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की याद दिलाता है। वीर बाल दिवस से हमें शिक्षा मिलती है कि मानव मूल्यों, सत्य और धर्म की रक्षा के लिए हमें किसी भी परिस्थिति में पीछे न हटते हुए साहस और वीरता के साथ आगे बढना चाहिए। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने को-ऑर्डिनेटर ज्योति मुंजाल का स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मान प्रकट किया।


गोहाना। मुख्य गुरुद्वारे में शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे हुए ओम पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चे।



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में वीर बाल दिवस पर लघु नाटिका के माध्यम से वीर साहिबजादों के अमर बलिदान की कहानी को प्रस्तुत करते छात्र।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक किया स्मरण

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में वीर बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विशेष सभा का आयोजन कर सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार पुत्रों साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से इन वीर साहिबजादों के अमर बलिदान की कहानी को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि नई पीढ़ी को वीर साहिबजादों के बलिदान और मूल्यों से परिचित कराना हमारा नैतिक दायित्व है। ऐसे आयोजन से बच्चों में शौर्य, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना प्रबल होती है। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर नीरजा, महक व गीता राणा, निशा, रितु सिंह, श्वेता, नमिता, मधु, ज्योति, सोनिया मदान, निशा, सीमा रानी, रेखा, पारुल, कावेरी, मीनू, अर्चना, सुषमा, आहुति, स्वाति, सरिता, मनीष, खेल इंचार्ज संजीत, पीटीआई राखी सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विकास करवाने में सरकार नाकामः जयवीर




**खरखौदा।** पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस जयवीर वाल्मीकि ने कहा कि 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री खरखौदा में पहुंच रहे हैं। ऐसे में उन्हें चाहिए कि क्षेत्र के विकास के लिए विशेष पैकेज दें, ताकि क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर को बदला जा सके। अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में विकास के नाम पर क्षेत्र में एक ईंट भी नहीं लगी है। इसके विपरित खरखौदा में जो उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं, उनका श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा को है। जबकि भाजपा शासन में पूर्व करवाए गए कार्यों की मरम्मत तक नहीं कराई गई है। नया प्रोजेक्ट लगाना तो दूर की बात है। उन्होंने कहा कि आईएमटी खरखौदा को स्थापित किए जाने को भाजपा अपनी उपलब्धि बता रही है। लेकिन यह सिर्फ और सिर्फ हुड्डा सरकार की देन है। भाजपा सरकार में तो यहां के युवाओं का रोजगार का हक तक छीन लिया गया है। आईएमटी की स्थापना के अवसर पर क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही गई थी। मगर अब दूर दराज क्षेत्र के व्यक्तियों को रोजगार दिया जा रहा है और क्षेत्रीय युवाओं की उपेक्षा की जा रही है। पूर्व विधायक ने दावा किया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में 600 करोड के शहरी क्षेत्र में विकास व 200 करोड रुपए ग्रामीण क्षेत्र मे विकास कार्य करवाने का काम किया था।



### वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**सोनीपत।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवा शाखा इंचार्ज एवं वर्ग अनुदेशक सुरेश कुमार तथा एनसीसी अधिकारी मेजर संजय श्योराण द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, नैतिक मूल्यों, साहस एवं कर्तव्यबोध की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में मेजर संजय श्योराण ने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के महान बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से साहिबजादों के आदर्शों को अपनाकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वर्ग अनुदेशक सुरेश ढांडा, सीमा देवी, सुनील मलिक, रणबीर, सुनील कुमारी, जगबीर राणा, सुनीता, कीर्ति, मूर्ति, अजय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खरखौदा विकास रैली तोड़ेगी रिकॉर्ड : राजबीर



**खरखौदा।** गांव फतेहपुर मे 41 लाख की लागत के कार्यों का ब्लॉक समिति के पूर्व अध्यक्ष राजबीर दहिया, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सितेंद्र दहिया, नगर पालिका अध्यक्ष हीरालाल इंदौरा ने नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गांव का विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खरखौदा में विकास की गति को चारों इंजन की ताकत लेकर रफ्तार बढ़ाने के लिए 28 दिसंबर को खरखौदा की अनाज मंडी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विकास रैली को संबोधित करने के लिए पहुंच रहे हैं। रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर लोकप्रिय मुख्यमंत्री का स्वागत करें और खरखौदा के लिए विकास की सौगात की झड़ी लगवाने का काम करें। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत फतेहपुर में 41 लाख रुपए की लागत से एसी चौपाल का निर्माण, गांव में ओपन जिम व एक पानी का टैंकर का का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पानी के टैंकर से गांव में पीने के पानी की समस्या का समाधान होगा, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। इसके लिए ब्लॉक समिति द्वारा इस टैंकर की व्यवस्था की गई है।



### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सोनीपत ।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में वीरवार को क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने और विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर ओपी चौधरी रहे। स्कूल चेयरमैन एवं पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, स्कूल निर्देशिका समीक्षा पंवार, वाइस चेयरमैन ललित पंवार, प्राचार्या डॉ. किरण दलाल, नरेश अरोड़ा डॉ. छवि पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह, सुरेंद्र छिक्कारा, शालू वधावन, सुनीता पंवार, पुनीत जग्गा, आशु नागपाल, डॉ. गगन कंसल, डॉ सौरभ भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के बाद रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर बच्चों द्वारा क्लासिक डांस, गुजराती नृत्य, पंजाबी सॉन्ग, कैरेक्टर पैरेड की प्रस्तुति दी गई।



### सरदार उधम सिंह को किया नमन

**सोनीपत।** सोनीपत जिला कमेटी एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला कार्यालय पर उधम सिंह जयंती के उपलक्ष पर एक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें उधम सिंह की शहादत को याद किया गया। उधम सिंह के विशेष कथनों को याद करते हुए एसयूसीआई के राज्य सचिव कामरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिस समय उधम सिंह से उनका नाम पूछा गया तब उधम सिंह ने कहा कि मेरा नाम राम मोहम्मद सिंह आजाद है। उनका नाम बताना एक पूरी दुनिया को मैसेज साबित हुआ जो यह साबित करता है कि उनके दिल में किसी भी धर्म के प्रति ईर्ष्या नहीं थी। सभी धर्मों के लोगों को सम्मान की नजर से देखते थे। भगत सिंह की तरह उधम सिंह भी गैर समझौता वादी समाज का निर्माण चाहते थे जिसमें किसान मजदूर का शोषण ना हो, मानव का मानव के द्वारा शोषण न किया जा सके।

### तालाब के सौंदर्यीकरण पर 46 लाख रुपये होंगे खर्च



**गोहाना।** नगर परिषद (नप) द्वारा वार्ड 10 में तालाब का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। तालाब सौंदर्यकरण पर 46 लाख रुपये खर्च होंगे। शुक्रवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने विधिवत तालाब के सौंदर्यकरण का शुभारंभ किया। रजनी विरमानी के अनुसार तालाब के सौंदर्यकरण के लिए आसपास के पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई करवाई जाएगी। इसके बाद तालाब की चारदीवारी और वॉकिंग ट्रैक का निर्माण होगा। हरियाली बढ़ाने के लिए हरी घास लगाई जाएगी और झूलों व बिजली की व्यवस्था की जाएगी। तालाब के सौंदर्यकरण पर 46 लाख रुपये की लागत आएगी। तालाब के सौंदर्यकरण के शुभारंभ की अध्यक्षता वार्ड की नगर पार्षद सुमन सैनी ने की। इस अवसर पर संदीप सैनी, सुभाष सैनी, करतार सैनी, रामकुमार सरपंच, प्रेम नंबरदार, प्रकाश सैनी, अजमेर सैनी, ईश्वर सैनी, बीरा सैनी, गुलाब सैनी, रामनिवास सैनी, सुरेश जेई, कुलदीप चोपड़ा, संजय पटवा व रामफूल सैनी मौजूद रहे।उन्होंने बताया कि यह कार्य स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए कराया जा रहा है।

## 12 परीक्षा केंद्रों पर 3527 विद्यार्थियों ने आजमाई किस्मत

# मिशन बुनियाद परीक्षा में जिले के 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने दिया पेपर

### प्रवेश से पहले हुई सघन जांच 998 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिले के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने और उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के प्रथम चरण की परीक्षा शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिले के सात खंडों में बनाए गए 12 परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। वर्ष 2026-27 बैच के चयन के लिए आयोजित इस परीक्षा में जिले भर से पंजीकृत कुल 4525 विद्यार्थियों में से 3527 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे जबकि 998 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार जिले में कुल उपस्थिति 80 प्रतिशत दर्ज की गई।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक प्रबंध किए थे। निदेशालय के निर्देशों के अनुसार जिले के पांच खंडों में दो-दो और दो खंडों में एक-एक परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया था। इन सभी केंद्रों पर सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। परीक्षा का समय दोपहर 12 बजकर 30 मिनट से दोपहर 2 बजकर 30 मिनट तक निर्धारित किया गया था लेकिन विभाग के आदेशानुसार विद्यार्थियों को एक घंटा पहले यानी 11 बजकर 30 मिनट पर ही केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। ठंड के बावजूद छात्र-छात्राओं में परीक्षा को लेकर भारी उत्साह नजर आया और वे समय से पहले केंद्रों पर पहुंचे।





सोनीपत में केंद्रों पर परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।

#### प्रवेश पत्र की गहनता से जांच के बाद मिला

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश की प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी और सख्त बनाया गया था। मुख्य द्वार पर तैनात शिक्षकों और सुरक्षाकर्मियों ने प्रत्येक विद्यार्थी के प्रवेश पत्र की गहनता से जांच की। इसके साथ ही विद्यार्थियों के आधार कार्ड की फोटो प्रति और रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो का मिलान किया गया ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। सघन जांच प्रक्रिया के बाद ही विद्यार्थियों को परीक्षा हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई। हॉल के अंदर बैठने की व्यवस्था भी रोल नंबर के अनुसार व्यवस्थित की गई थी।

#### अधिकारियों ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी और मौलिक शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश और बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए थे कि वे अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में परीक्षा को नकल रहित और सुचारू रूप से संपन्न करवाएं। परीक्षा हॉल में केवल दो पेन और आवश्यक दस्तावेजों के अलावा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक वस्तु या नकल सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

#### विशेषज्ञ देंगे कोचिंग

मिशन बुनियाद योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें भविष्य की बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को एनडीए, सुपर-100, नीट, आईआईटी और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग प्रदान की जाएगी।

#### ये रही परीक्षार्थियों की स्थिति

| परीक्षा केंद्र | अनुपस्थित | पंजीकृत | उपस्थित |
|---|---|---|---|
| राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, माडल टाउन | 598 | 432 | 166 |
| पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय, मुरथल अड्डा | 606 | 476 | 130 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, बीसवां मील | 563 | 442 | 121 |
| पीएमश्री राजकीय विद्यालय, खेवड़ा | 365 | 271 | 94 |
| राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, गन्नौर | 256 | 214 | 42 |
| राजकीय विद्यालय, गन्नौर | 423 | 360 | 63 |
| राजकीय कन्या विद्यालय, फरमाना | 190 | 155 | 35 |
| राजकीय विद्यालय, सैदपुर | 187 | 160 | 27 |
| राजकीय कन्या विद्यालय, गोहाना | 425 | 311 | 114 |
| राजकीय विद्यालय, गोहाना | 287 | 202 | 85 |
| राजकीय कन्या विद्यालय, बुटाना | 442 | 369 | 73 |
| राजकीय विद्यालय, बनवासा | 183 | 135 | 48 |
| कुल | 4525 | 3527 | 998 |

#### परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

बुनियाद योजना के तहत परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति 80 प्रतिशत रही। 998 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक तरीके से परीक्षा संपन्न हुई है। इस परीक्षा में सफल रहने वाले विद्यार्थियों को 30 जनवरी को दूसरे चरण की परीक्षा में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

-सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत

#### 30 जनवरी को दूसरे चरण की परीक्षा

प्रथम चरण की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। अब विभाग जल्द ही इस परीक्षा के परिणाम घोषित करेगा जिसके बाद सफल विद्यार्थियों को अगले चरण की प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किया जाएगा। 30 जनवरी को दूसरे चरण की परीक्षा आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग अब दूसरे चरण की तैयारियों में जुट गया है ताकि चयनित विद्यार्थियों का प्रशिक्षण सत्र समय पर शुरू किया जा सके।

#### संतुलित था प्रश्न पत्र

विद्यार्थियों में इस परीक्षा को लेकर काफी उम्मीदें देखी गईं। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का स्तर संतुलित था और यह उनकी तार्किक क्षमता की परख करने वाला था। ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है क्योंकि मिशन बुनियाद के तहत मिलने वाली कोचिंग और सुविधाएं उन्हें बड़े शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों के मुकाबले एक मजबूत मंच प्रदान करती हैं। विभाग का लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों के अधिक से अधिक विद्यार्थी भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर और सेना में अधिकारी बनकर जिले का नाम रोशन करें।

---

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम

## गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रेस्टीज सदन रहा प्रथम




गन्नौर। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्रों के मध्य गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता प्रेस्टिज, ग्लोरी, डिवाइन, डिग्निटी चारों सदनों के मध्य में हुई। प्रतियोगिता के दौरान गणित से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी त्वरित गणना क्षमता और समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रेस्टीज सदन ने प्रथम ओर ग्लोरी सदन ने द्वितीय स्थान हासिल कर सदन का नाम ऊंचा किया। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

उम्रकैद की सज़ा को स्थगित किया

## सेंगर को जमानत देने की जनवादी महिला समिति ने की आलोचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सूरजावती।

अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति सामूहिक बलात्कार के आरोपित उन्नाव के विधायक रहे कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उम्रकैद की सज़ा को स्थगित कर ज़मानत दिए जाने की सख्त आलोचना करती है।

जनवादी महिला समिति की जिला सोनीपत अध्यक्ष सूरजावती और सचिव शीला बुटाना, सह सचिव लक्ष्मी छिल्लर, कोषाध्यक्ष अनीता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि कुलदीप सिंह सेंगर ने अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए पीड़िता को नौकरी का लालच देकर सामूहिक बलात्कार किया और फिर उसके पिता को पेड़ से बांधकर इतना पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई। कोर्ट के आदेश के बाद सेंगर को पुलिस ने बहुत मुश्किल से गिरफ्तार किया था। सेंगर ने साजिश के तहत पीड़िता के परिवार का ट्रक से एक्सीडेंट करवा दिया था जिसमें उसकी मां और चाची दोनों की मौत हो गई थी। सेंगर का इतना आतंक था कि पीड़िता को उन्नाव छोड़कर दिल्ली में रहना पड़ा। जब से सेंगर की ज़मानत का आदेश आया है, पीड़िता को अपने व अपने परिवार की सुरक्षा का ख़तरा हो गया है।

---

### खबर संक्षेप

#### डिलीवरी कर्मी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**गोहाना।** अमेजन कंपनी का एक डिलीवरी कर्मी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। इस संबंध में गोहाना स्टेशन के मैनेजर अंगद राजभर ने शहर थाना गोहाना में शिकायत देकर कर्मचारी की तलाश कराने और बचे हुए पैकेट बरामद कराने की मांग की। अमेजन स्टेशन गोहाना में कार्यरत डिलीवरी ब्वाय मनोज मलिक 24 दिसंबर को सुबह 10:16 बजे कुल 43 पैकेट लेकर डिलीवरी के लिए निकला था। इन पैकेटों की कुल कीमत करीब 73,012 रुपये है। मनोज ने एक भी पैकेट की डिलीवरी नहीं की। अब न ही उसके मोबाइल फोन पर स्टेशन स्टाफ या स्वजन का संपर्क हो पा रहा है।

#### सरस्वती स्कूल में वीर बाल दिवस आयोजित

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत (एस-7) में शुक्रवार को विद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरता, साहस एवं बलिदान की भावना को समर्पित विशेष प्रार्थना सभा से की गई। विद्यार्थियों को वीर बालकों के अद्वितीय बलिदान, देशभक्ति, नैतिक मूल्यों एवं 'विकसित भारत' की संकल्पना के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, पोस्टर निर्माण, भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पुरखास में बीपीएचयू भवन का शिलान्यास किया

■ गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने किया लड़सौली में कम्यूनिटी सेंटर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) भवन का नारियल फोड़कर शिलान्यास करते हुए। फोटो :हरिभूमि

गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने पुरखास गांव में लगभग 40.31 लाख रुपए की लागत से बनने वाले ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) भवन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने के बाद क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक कादियान ने इसके बाद लड़सौली गांव में लगभग 15 लाख की लागत से तैयार कम्यूनिटी सेंटर का उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक केंद्र गांव की सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होते हैं। विधायक ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव में बुनियादी सुविधाओं को उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण जीवन सशक्त और सुविधाजनक बने। सीएमओ डॉ. ज्योत्स्ना ने कहा कि बीपीएचयू का निर्माण ग्रामीणों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा।



गन्नौर। बच्चों द्वारा द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन करती प्राचार्या रजनी शर्मा।

#### सपनों से स्टार्टअप कार्यक्रम आयोजित

**गन्नौर।** आरपीएस के खेल मैदान में शुक्रवार को रौनक पब्लिक स्कूल व अपोलो इंटरनेशनल स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से सपनों से स्टार्टअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना विकसित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाए। बच्चों ने न केवल व्यंजन तैयार किए, बल्कि उनकी कीमत तय कर ग्राहकों से संवाद करते हुए बिक्री भी की। रंग-बिरंगी कलर एक्टिविटीज और क्रिएटिव आर्ट ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। विद्यालय की प्राचार्या रजनी शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता और प्रबंधक बनना सिखाते हैं। ऐसे मंच बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करते हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों व शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## एसीपी गीता फोगाट का महासभा ने किया सम्मान

■ कानून सभी के लिए समान, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, अपराध, महिला उत्पीड़न किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं : एसीपी गीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। नवनियुक्त थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का सनपेड़ा सरपंच प्रमोद ढाका पुष्प कुछ देकर स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

बड़ी एचएसआईआईडीसी थाना की नवनियुक्त थाना प्रभारी एसीपी गीता फोगाट का सनपेड़ा गांव के युवा सरपंच प्रमोद ढाका व पंचों ने पुष्प गुच्छ व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने स्मृति चिन्ह द्वारा हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया। एसीपीफोगाट ने कहा कि वे गांव के युवाओं को नशा जागरूकता के प्रति, संस्कारों व बुजुर्गों का सम्मान के प्रति जागरूक करें ताकि गांव का युवा नशे से दूर रहकर पढ़ लिखकर कामयाबी हासिल करें । गांव का युवा आगे बढ़ेगा तो समाज व देश आगे बढ़ेगा और तरक्की करेगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखना, आमजन की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। थाना क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस हर समय सतर्क एवं तत्पर रहेगी।



गोहाना। शिवालिक पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित करते हुए प्रो. रामदिया जाटायन व उनकी पत्नी कलावती, साथ हैं शिक्षकगण।

#### मेधावी विद्यार्थियों को पदक देकर किया अलंकृत

**गोहाना।** शिवनगरी धनाना स्थित शिवालिक पब्लिक स्कूल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालयों के शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रो. रामदिया जाटायन अपनी पत्नी कलावती के साथ बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। प्रो. रामदिया जाटायन ने विद्यार्थियों को सफलता का मूल मंत्र दिया। वे बोले कि जीवन में सफल केवल वही विद्यार्थी होते हैं जो लक्ष्य के साथ आगे बढ़ते हैं और उसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध और दृढ़ता से आगे बढ़ते हैं। प्रो. रामदिया ने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को अपने निजी कोष से चांदी के पदक देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता मुख्याध्यापक दयाचंद ने की। इस अवसर पर शिक्षकवृंद दलबीर राठी, पवन राठी, प्रमोद खत्री, सुमन शर्मा, पूजा जांगड़ा, आरजू जाटायन, सीमा शर्मा, आशा शर्मा, सविता शर्मा, वीना ढुल, सोनिया सैनी, आदि उपस्थित रहे।

## अपना समय और धन जरूरतमंदों की सहायता में लगाएं : एसीपी

■ लायंस क्लब गन्नौर की 42वीं चार्टर नाइट धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। एसीपी ऋषिकांत शर्मा, एसएचओ धीरज कुमार का सम्मान करते क्लब के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

लायंस क्लब गन्नौर द्वारा कनक गार्डन में क्लब की 42वीं चार्टर नाइट मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिनेश बत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब गन्नौर हमेशा सेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। क्लब के चार्टर प्रधान लायन डी. पॉल भाटिया ने सभी सदस्यों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 1984 में सेवा परंपरा की शुरुआत की गई थी। लायंस क्लब गन्नौर द्वारा शहर की कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। एसीपी ऋषिकांत शर्मा, एसएचओ धीरज कुमार, यातायात पुलिस प्रभारी सोहन पहलवान तथा एएसआई जसवीर को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मनुष्य को अपने जीवन में समय और धन का एक हिस्सा अवश्य ही जनसेवा और जरूरतमंदों की सहायता में लगाना चाहिए।




गन्नौर। मुख्यातिथि मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छोक्कर को सम्मानित करते कार्यक्रम के आयोजक। फोटो :हरिभूमि

#### वीर साहिबजादों के बलिदान की स्मृति में कार्यक्रम

**गन्नौर।** वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान की स्मृति में शुक्रवार को देवकुल शिक्षा सदन में खंड स्तरीय कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छोक्कर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि शिक्षा विभाग से प्रोफेसर जगबीर देशवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वीर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। विभिन्न स्कूलों विद्यार्थियों ने शब्द-गान, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से साहिबजादों के अदम्य साहस, त्याग और शहादत को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि निशांत छोक्कर ने कहा कि दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर साहिबजादों ने धर्म, सत्य और मानवता की रक्षा के लिए अल्प आयु में सर्वोच्च बलिदान दिया, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेकर साहस, ईमानदारी और देशभक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

---



खरखौदा। नियुक्ति पत्र ग्रहण करते जिला सहसंयोजक अनुप ठेकेदार व साथी।

#### पार्षद अनूप ठेकेदार बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक

**खरखौदा ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष प्रदेश मोहनलाल बड़ौली के परामर्श से जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने विभिन्न प्रकोष्ठों में कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। व्यापार प्रकोष्ठ सोनीपत के संयोजक जयराम शर्मा ने खरखौदा नगरपालिका के पार्षद अनूप ठेकेदार को जिला सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह पंचायती राज प्रकोष्ठ सोनीपत के संयोजक अमित प्रधान सफियाबाद ने प्रधान नरेंद्र दहिया को सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। जबकि विदेशी मामले विभाग के संयोजक राजीव कुमार जोशी चौहान ने विनोद कुमार सैनी खरखौदा को सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। तीनों नवनियुक्त जिला सह संयोजकों पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, जिला संगठन का आभार व्यक्त किया है। साथ ही विश्वास दिलाया है कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे और पार्टी की अपेक्षा पर खरे उतरेंगे।

वीर बाल दिवस पर जैन विद्या मंदिर स्कूल में प्रेरणादायी कार्यक्रम

## वीर बालकों का बलिदान आज भी देता है संदेश : बड़ौली

### छात्रों को साहिबजादों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वीर बाल दिवस के अवसर पर जैन विद्या मंदिर में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने बतौर मुख्य दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों वीर बालक साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह जी के अद्वितीय बलिदान का विस्तार से वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष ने देशभक्ति में धर्म निष्ठा का संदेश देते हुए कहा कि गुलामी के दौर में जब अत्याचार और जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव था, तब गुरु परंपरा ने सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए अद्भुत साहस दिखाया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत, गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना तथा चमकौर साहिब के ऐतिहासिक युद्ध का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि साहिबजादा अजीत सिंह (19 वर्ष) और साहिबजादा जुझार सिंह (17 वर्ष) ने युद्धभूमि में वीरगति प्राप्त की, जबकि सात वर्ष के साहिबजादा फतेह सिंह और नौ वर्ष के साहिबजादा जोरावर सिंह ने अपार दबाव, भय और लालच के बावजूद धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया और फतेहगढ़ साहिब में दीवार में जीवित चिनवाए जाने जैसी अमानवीय यातनाएँ सहते हुए शहादत दी।



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, साथ में मेयर एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन ने कहा कि बच्चों ने आज वीडियो के माध्यम से जाना कि वीर बाल दिवस क्यों मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह निर्णय लिया गया कि गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को बाल दिवस के रूप में मनाकर बच्चों में देश, धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पण की भावना जागृत की जाए। इस मौके पर एसीयूटी योगेश दिल्हौर (आईएएस), जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, भाजपा नेता तरुण देवीदास, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन, प्रिंसिपल नीरू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व शिक्षकगण मौजूद रहे।

#### स्प्रेड स्माइल में मनाया बुक शॉपिंग डे

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा बच्चों के लिये सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में बुक शॉपिंग डे आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षण सामग्री के लिए प्रेरित करना रहा। आज कल बच्चे शिक्षा के महत्व को कम समझते हैं और सोचते हैं कि पैसे किताब खरीदने के लिए नहीं चीज़ खाने में ही उपयोग करें। इसलिए संस्था ने बुक शॉपिंग डे आयोजित किया। लोगो द्वारा अनेकों किताबें भेंट की गई हैं, उन सभी किताबों को एक साथ रखा गया और बच्चों को कहा आज किताबों की खरीदारी करो, अपनी मन पसंद की किताब को लो और खूब मन लगा कर पढ़ो। इससे देख कर सभी बच्चो में उत्साह बढ़ गया और सब बच्चों ने अपने लिए किताबें ली।